शिक्षकों ने किया छात्रों को प्रेरित

रांची। आईआईएम रांची ने शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में किया। निदेशक डॉ शैलेंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षकों और आगंतुकों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हुआ। शिक्षकों की वंदना करते हुए विद्यार्थियों ने कई कार्यक्रम पेश किए। डॉ शैलेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में बताया। विद्यार्थियों को अच्छे भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए सामाज विकास में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया।

Hindustan, 07.09.2018, Pg 21